नपा के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को एरियर्स का भुगतान कराने नपा अध्यक्ष से लगाई गुहार

नपा अध्यक्ष द्वारा कर्मचारियों को समस्या का निराकरण कराने का दिया आश्वासन

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,13अप्रैल, शासन के आदेशानुसार जिले के नगर पालिका के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को भी बीते वर्ष तक के एरियर्स राशि का भुगतान किए जाने की एक सूत्रीय मांग को लेकर सोमवार को नपा कर्मचारी संघ के लिए जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन के कर्मचारियों ने नपा अध्यक्ष संदीप घाटोड़े को एक हस्ताक्षरयुक्त पत्र सौंपा ।

नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष कैलाश बावनकर के नेतृत्व में कर्मचारियों द्वारा पांढुरना नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े को सौंपे पत्र में बताया कि शासन के आदेशानुसार नगरीय निकाय के दैनिक वेतन भोगियों को 1 अप्रैल 2024 से वेतन में बढ़ोत्तरी कर कर्मचारियों को बढ़े हुए वेतन का तो लाभ दिया गया,लेकिन 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक की एरियर्स की राशि का भुगतान अब तक नहीं किए जाने से इन दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। कर्मचारियों की बातों को नपा अध्यक्ष संदीप घाटोड़े द्वारा ध्यान पूर्वक सुनते हुए विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र ही इनकी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया है।

ग्राम खैरी पैका स्कूल में डॉ . भीमराव अंबेडकर जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित

संविधान के महत्व पर चर्चा एवं चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

नवभारत न्यूज
पांढुरना,13 अप्रैल, कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार आज दिनांक 13 अप्रैल 2026 को शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरी पैका में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच संविधान के महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने संविधान और सामाजिक समानता से जुड़े विषयों पर आकर्षक एवं प्रेरणादायक चित्र प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया और डॉ. अंबेडकर के विचारों को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। इस अवसर पर अ. ज. जा. के जिला अध्यक्ष पंकज गजभिये विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ गांव के गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। पंकज गजभिये ने अपने संबोधन में संविधान के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए छात्रों को इसके मूल्यों को समझने और अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें छात्रों, शिक्षकों एवं उपस्थित अतिथियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

स्वच्छता अभियान पर निकाली जागरूकता रैली, नपा कर्मचारियों का किया सम्मान

नव भारत न्यूज पांढुरना,13अप्रैल, स्थानीय नगर पालिका परिषद द्वारा आज स्वच्छता स्वाभिमान अभियान अंतर्गत स्वच्छता वाहन रैली का आयोजन किया गया। यह वाहन रैली नगर पालिका कार्यालय परिसर से प्रारम्भ होकर जय स्तम्भ चौक , गुजरी चौक , समता कालेज होते हुए बस स्टैंड परिसर मे पहुची जहा सफाई मित्रो का पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया गया। रैली का मुख्य उधेश्य सफाई मित्रो द्वारा निरंतर किये जा रहे स्वच्छता प्रयासों से अवगत और संवेदित करना रैली मे नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, मदन भांगे सभापति उमेश उरकड़े सभापति महेन्द्र घोड़े, सभापति यादोराव डोबले पार्षद श्रीमती रामरती इवनाती पार्षद प्रदीप कामदार मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजकुमार इवनाती सहायक यंत्री सोनू सकवार प्रीतम हाटेकर उपयंत्री संजय कवडे स्व निरीक्षक रविन्द्र चौधरी एव नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी गण एव गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

डॉ. अंबेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के नगर के यातायात मार्ग परिवर्तित

नव भारत न्यूजपांढुरना,14 अप्रैल , संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को नगर में मनाए जा रहे कार्यक्रम के दौरान पांढुर्णा शहर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किया गया है।पांढुर्णा शहर के मुख्य प्रवेश मार्गों—नागपुर-पांढुर्णा बायपास, अमरावती-पांढुर्णा बायपास एवं भोपाल-पांढुर्णा बायपास—से आने वाले भारी वाहनों का शहर में प्रवेश सुबह 08 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन द्वारा वाहन चालकों से इस अवधि में वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की गई है।पांढुर्णा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित ड्राइविंग अपनाएँ तथा सड़क दुर्घटनाओं से स्वयं एवं अन्य लोगों को सुरक्षित रखें। प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कार्यक्रमों के सफल संचालन में सहभागिता का आग्रह किया है।

पांढुरना में 15 अप्रैल को 'युवा संगम' रोजगार मेला- युवाओं को मिलेगा रोजगार का बड़ा अवसर

नव भारत न्यूजपांढुरना,13 अप्रैल, कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय छिंदवाड़ा/पांढुर्णा एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा 15 अप्रैल 2026, बुधवार को एक भव्य जिला स्तरीय 'युवा संगम' रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (I.T.I.) पांढुर्णा, अमरावती रोड में आयोजित होगा, जिसकी शुरुआत सुबह 11 बजे से होकर शाम 4 बजे तक चलेगी। इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराना तथा उन्हें शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देना है। रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसरों को एक ही मंच पर उपलब्ध कराने का यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है। मेले में प्रमुख रूप से तीन बड़ी संस्थाएं अपनी रिक्तियों के साथ भाग लेंगी। सफल (सुरुचि) फूड प्रोजेक्ट प्रा.लिमि. बोरगांव सौंसर द्वारा मेंटेनेंस मैकेनिक, सुपरवाइजर और कंप्यूटर ऑपरेटर के पदों पर आईटीआई एवं स्नातक युवाओं की भर्ती की जाएगी, जिनका वेतनमान 11,000 से15,000 तक रहेगा। वहीं, एमआरएफ टायर्स प्रा.लिमि. दहेज द्वारा मशीन ऑपरेटर पद के लिए 12वीं एवं आईटीआई पास अभ्यर्थियों का चयन 11,000 से 16,000 तक के वेतन पर किया जाएगा। इसके अलावा, भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) पांढुर्णा द्वारा बीमा सखी (महिला), ऑफिस वर्क एवं एजेंट के पदों पर 10वीं और 12वीं पास उम्मीदवारों की भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती माधुरी भलावी ने इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपनी समग्र आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, अद्यतन बायोडाटा (रिज्यूम) तथा सभी मूल दस्तावेजों एवं उनकी फोटोकॉपी के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित हों। इस रोजगार मेले के माध्यम से न केवल सीधी भर्ती की प्रक्रिया होगी, बल्कि विभिन्न विभागों द्वारा रोजगारोन्मुखी योजनाओं के स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जिससे युवाओं को भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन प्राप्त हो सकेगा।

20 साल की कैद के दोषी की सजा निलंबित

नागपुर. यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम की धारा 4 और 6, और भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2) और 506 के तहत दोषी ठहराते हुए केलापुर के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की ओर से प्रशांत ठाकरे को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई गई. जिसे चुनौती देते हुए प्रशांत की ओर से हाई कोर्ट में अपील दायर की गई. जिस पर सुनवाई के बाद न्यायाधीश नीरज धोटे ने अपील के अंतिम निपटारे तक सजा को निलंबित रखने के आदेश जारी किए.

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर में जल संगोष्ठी का आयोजन

नवभारत न्यूज
पांढुर्णा,13 अप्रैल, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ एवं जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन में तथा विकासखण्ड समन्वयक दिलीप आठनेरे की उपस्थिति में नगर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी में विकासखण्ड समन्वयक दिलीप आठनेरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि आने वाली चुनौतियों और हमारे दायित्व को ध्यान में रखते हुए हमें अपने-अपने परिसर में कार्य करना होगा, तभी वास्तविक परिवर्तन संभव हो सकेगा। उन्होंने सभी सीएमसीएलडीपी छात्रों से आह्वान किया कि वे जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने चयनित ग्रामों में विभिन्न गतिविधियों का संचालन करें और लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में परामर्शदाता श्री राजू वरूड़कर, श्री श्याम दलवी, श्रीमती वर्षा खुरसंगे एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य पंकज खिरेकर सहित सीएमसीएलडीपी में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण, जन-जागरूकता और सामूहिक सहभागिता के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गइ।

नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत नपा में सम्मेलन का आयोजन

नव भारत न्यूज
पांढुरना,13अप्रैल, सरकार के निर्देशानुसार चलाए जा रहे नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा (दिनांक 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026) के अंतर्गत आज 13 अप्रैल 2026 को नगरपालिका कार्यालय के सभाकक्ष में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संदीप घाटोडे(अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद पांढुर्णा), महेंद्र घोडे (सभापति, न.पा.), उमेश उरकड़े (सभापति, न.पा.), प्रदीप कामदार (पार्षद), श्रीमती रामरती बाई इवनाती (पार्षद, न.पा.) एवं श्री आर. के. इवनाती (मुख्य नगरपालिका अधिकारी) सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, स्व-सहायता समूह के सदस्य एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थितजनों को विज्ञान भवन, नई दिल्ली से आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित किए गए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। स्थानीय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं तथा नगरपालिका द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रभारी अधिकारियों द्वारा दी गई। साथ ही, दिनांक 8 अप्रैल से 23 अप्रैल तक आयोजित पोषण पखवाड़ा के तहत सभी उपस्थितजनों द्वारा शपथ ली गई।

कार्यक्रम के अंत में नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे ने सभी को संबोधित करते हुए मातृशक्तियों के लिए संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए अपील की।

भाजपा के स्थापना दिवस पर पूर्व पार्षद अनिल हिवसे तथा उनकी धर्मपत्नी का किया सम्मान

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,13अप्रैल, भाजपा संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे देश की तरह ही पांढुरना में भी चलाए जा रहे गांव चलो,बस्ती चलों अभियान के तहत बीते दिवस जिला भाजपा संगठन के पदाधिकारियों ने नगर के शंकर नगर वार्ड के पूर्व पार्षद वरिष्ठ युवा भाजपा नेता अनिल हिवसे के घर पहुंचकर इनका तथा इनकी धर्मपत्नी का शाल,श्रीफल तथा पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया।

गौरतलब हो कि भाजपा संगठन के स्थापना दिवस को लेकर पूरे देश में भाजपाईयों द्वारा चलाए जा रहीं विभिन्न कार्यक्रमों के तहत पांढुरना जिले में भाजपा जिला संगठन के अध्यक्ष संदीप मोहोड के नेतृत्व में इन दिनों गांव चलो,बस्ती चलों अभियान चलाया जा रहा है,नगर के शंकर नगर वार्ड के पूर्व पार्षद,नपा के पूर्व राजस्व सभापति अनिल हिवसे द्वारा सत्त पार्टी संगठन के कार्य पूरी निष्ठा तथा लगन के साथ करने के साथ ही वार्ड में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर सहित वार्ड को साफ-सुथरा स्वच्छ रखने हेतू निरंतर किए जा रहे कार्यों को देखते हुए भाजपा जिला तथा नगर संगठन के पदाधिकारियों ने बीते दिवस अनिल हिवसे के घर पहुंचकर इनका तथा इनकी धर्मपत्नी श्रीमती हेमलता अनिल हिवसे का शॉल,श्रीफल,पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला संगठन के यादोराव डोबले,सुनील धुंडे,निलेश हिवसे,लोचन खवसे,सोनवंशी मैड़म,आदि ने अनिल हिवसे तथा इनकी धर्मपत्नी का सम्मान किया। -

नगर कांग्रेस कमेटी सौसर की बैठक संपन्न

नगर सौसर के अध्यक्ष पद पर प्रफुल कडू की नियुक्ति

नवभारत न्यूज़
सौंसर 13 अप्रेल.आज नगर सौसर स्थित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में नगर सौसर के कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमे नगर सौसर के युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद पर प्रफुल्ल कडू को वरिष्ठों द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान उपस्थित समस्त वरिष्ठ नेतागण, कार्यकर्ता पदाधिकारियों ने नव नियुक्त नगर अध्यक्ष का हर्षोल्लास के साथ स्वागत कर बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ नेताओं ने अपने-अपने विचार सांझा कर कार्यकर्ता पदाधिकारियों को संबोधित किया साथ ही इस बैठक में नगर कांग्रेस सौसर द्वारा आगामी रणनीति तैयार की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस प्रभारी गंगा प्रसाद तिवारी ,जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक जतन उईके ,सौसर विधायक विजय चौरे ,विधानसभा प्रभारी प्रितम पटेल ,जिला कांग्रेस सह प्रभारी सुरेश कपाले ,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र यमदे ,पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुनिल भानगे ,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मण चाके ,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष अतुल जुननकर ,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय ठाकरे पुर्व जिला युवा अध्यक्ष ज्ञानेश्वर गावंडे , विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजा बोढे ,विलास बुले जी, कार्यकारी अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी सौंसर, अमरीश जैस्वाल ,डॉ.चन्द्रकांत काले ,आसीफ पठान ,श्याम ठाकुर ,राजा कलसकर ,किशोर बागडे ,जिम्मी टाकभवरे , देवेंद्र केदार ,रुपराव पुसदकर ,देवराव भकने ,अमजद खान , अनमोल आकोटकर ,विजय हेडाऊ पखाले ,कोल्टकर ,गुरुदेव हेडाऊ ,पवन पन्नासे ,धनश्याम बुले ,विजय होलकर ,विजय कुकडे ,प्रशांत बोबडे आदी सभी नगर कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ अंबेडकर जयंती पर आज होंगे जिला स्तरीय कार्यक्रम

संयुक्त कलेक्टर द्वारा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर दिए निर्देश

नव भारत न्यूज
पांढुरना,13 अप्रैल , डॉ. भीमराव अंबेडकर की 14 अप्रैल की जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जायंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास, पांढुर्णा में प्रात: 10:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे नियत समय पर कार्यक्रम स्थल पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। इस संबंध में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, ताकि जयंती समारोह का सफल संचालन सुनिश्चित किया जा सके। संयुक्त कलेक्टर एवं जिला संयोजक पांढुर्णा सुश्री मेघा शर्मा द्वारा 14 अप्रैल को आयोजित होने वाले डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम के लिए निर्धारित स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया गया है कि वे दिनांक 14 अप्रैल 2026 को प्रात: 10:30 बजे आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास, पांढुर्णा में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

रामाकोना मंडल में गांव चलो बस्ती चलो अभियान में भाजपा की उपलब्धि बताई जा रही

नवभारत न्यूज़
सौंसर 13 अप्रेल.भारतीय जनता पार्टी रामाकोना मंडल के ग्राम बिछवाबग्गू में गांव चलो, बस्ती चलो अभियान में एक व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं और विचारधारा को पहुँचाना है। यह अभियान आमतौर पर राजनीतिक संगठनों भाजपा मजबूती के लिए चलाया जाता है। इस कार्यक्रम में प्रितम राउत जी जिला उपाध्यक्ष , मंडल अध्यक्ष नामदेव पाल, रामदास भक्ते बुथ अध्यक्ष , पुरुषोत्तम भक्ते , विलास भक्ते , पवन जैवार, गजानन भक्ते , सुरेश भांगे , अक्षय वाट , मारोती रामटेके , चिंतामन भक्ते , अमोल चौधरी, संजय भक्ते भाजपा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संविधान निर्माता के जन्मदिवस पर आज होंगे क्षेत्र में आयोजन

सौसर में निकलेगी विशाल जय भीम रैली

नवभारत न्यूज़
सौसर 13 अप्रेल.आज सौसर नगर के साथ-साथ ही ग्राम पंचायतो एवं नगर निकायों में भारतीय संविधान के निर्माता डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी का जन्म दिवस बौद्ध अनुयायियों के द्वारा विभिन्न आयोजनों के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। नगर में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले के जन्मदिवस से 5 दिवसीय भीम महोत्सव का शुभारंभ किया गया है। भीम जयंती महोत्सव पर बौद्ध विहार में महात्मा ज्योतिबा फुले जी का जन्म दिवस एवं खेलकूद,चित्रकला,रंगोली, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,

जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लेकर अपना हुनर दिखाया, डॉ बाबा साहेब अंबेडकर नवयुवक मंडल के पदाधिकारी से

मिली जानकारी के अनुसार भीम महोत्सव का शुभारंभ तथागत भगवान गौतम बुद्ध डॉ बाबासाहेब आंबेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले,आई रमाई के प्रतिमा को अभिवादन एवं सामूहिक बुद्ध वंदना के साथ किया गया।

मंडल अध्यक्ष पंकज उमाशंकर शेंडे ने बताया कि सोमवार को जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक में भीम जलसा आर्केस्ट्रा के साथ आतिशबाजी के बीच संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी जन्मदिवस मनाया गया, जब तक सूरज चांद रहेगा डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी आपका नाम रहेगा के नारे के साथ जय भीम सलामी दी गई। केक काटकर मिष्ठान का वितरण किया गया,

भीम महोत्सव में मंगलवार को 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे सामूहिक बुद्ध वंदना दोपहर,

2 मोटरसाइकिल कार रैली

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौसर में फल वितरण एवं शाम 5 बजे जयभीम रैली निकाली जाएगी।

15 अप्रैल बुधवार को शाम 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, एवं 17 अप्रैल गुरुवार को प्रबोधन एवं पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा। डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल के पदाधिकारी ने सभी क्षेत्रवासियों से आयोजन में उपस्थित होने की अपील की है।